Patrika (Plus), 25-10-2019, Page 22

ACHIEVEMENT...

# आइआइटी इंदौर को टॉप 200 ग्लोबल इंस्टिट्यूट में लाना लक्ष्य : माथुर

## आइआइटी इंदौर को क्यूएस इंडिया रैंकिंग 2020 में मिला 13वां स्थान

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर ने क्यूएस इंडिया रैंकिंग 2020 में टॉप 15 इंस्टिट्यूट में अपना स्थान बनाया है।

दूसरी जनरेशन के आइआइटी में, आइआइटी इंदौर श्रेष्ठ रहा है। पिछले साल की तुलना में रैंकिंग में सुधार हुआ है। पिछले साल संस्थान को 18वीं रैंक मिली थी वहीं इस बार 13वां स्थान प्राप्त किया है। 108 संस्थानों के बीच आइआइटी को ये रैंक मिली है। एकेडमिक्स, एम्पलॉयर रेपुटेशन, फैकल्टी-स्टूडेंट रेशो, स्टाफ विद पीएचडी, फैकल्टी के अनुसार पेपर्स, पेपर साइटेशन की संख्या, इंटरनेशनल फैकल्टी और स्टूडेंट्स के पैरामीटर को ध्यान में रखते हुए यह रैंकिंग प्रदान की गई।

आइआइटी डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने कहा, आइआइटी इंदौर को टॉप 200 ग्लोबल इंस्टिट्यूट्स में लाना हमारा लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए इंटरनेशनलाइजेशन प्रोसेस, इन्वेंशन और इनोवेशन की ओर फोकस किया जा रहा है। हमारा ध्यान एक्सीलेंस पर काम करने पर है। इसके लिए हम पूरे समपर्ण और फोकस के साथ काम कर रहे हैं। आने वाले कुछ साल हमारे लिए इंस्टिट्यूशनल एडवांस्मेंट को ध्यान में रखते हुए चुनौतीपूर्ण होंगे। फैकल्टीज़ विद पीएचडी, फैकल्टी के पेपर की संख्या और पेपर साइटेशन की संख्या, इन मानकों में आइआइटी इंदौर को सबसे ज्यादा अंक मिले। इससे पहले भी टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग 2018 और 2019 में आइआइटी इंदौर, देश के टॉप 3 संस्थानों में शामिल हो चुका है।